म.प्र. राज्य ओपन स्कूल, भोपाल

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग
शिवाजी नगर, भोपाल - 462011

Phone : 0755 - 2553546
Fax No. : 0755 - 2552106
Web Site : www.mpsos.nic.in
E-Mail :mpsos@rediffmail.com

क्रमांक / एस.ओ.एस. / संचा. / 2012 / 2757 भोपाल, दिनांक 16.5.13

प्रति,

(01) कलेक्टर
जिला ....

(02) जिला शिक्षा अधिकारी
जिला ....
मध्यप्रदेश

विषयः– गोपनीय सामग्री प्राप्त करने बावत्।

–0–

म.प्र. राज्य ओपन स्कूल द्वारा ओयोजित परीक्षा माह मई 2013 की गोपनीय सामग्री परीक्षा केन्द्रो तक स्पीड पोस्ट डाक के माध्यम से भेजे गये हैं। कक्षा–10वी के संस्कृत (कोड–209) तथा विज्ञान (कोड–212) विषय के प्रश्न पत्र कतिपय आकस्मिक कारणों से निरस्त किये गये हैं। विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र दिनांक 24.05.2013 एवं संस्कृत विषय के प्रश्न पत्र दिनांक 27.05.2013 को सम्पन्न किये जाने हेतु नियत है। इन दोनों विषय के लिए पूर्व में भेजे गये प्रश्न पत्र का उपयोग नही किया जाना है। इसके लिए नवीन प्रश्न पत्र तैयार किये गये है, जिसके शील्ड बन्डल आपको म.प्र. राज्य ओपन स्कूल कार्यालय से दिनांक 19, 20 एवं 21 तारीख को प्रातः 10.30 बजे से सायं 5.30 बजे तक निम्नानुसार संभागवार प्रदाय किये जाएगें।

1.	भोपाल, इन्दौर एवं होशगांबाद संभाग	दिनांक – 19.05.2013
2.	उज्जैन,जबलपुर,रीवा एवं शहडोल संभाग	दिनाकं – 20.05.2013
3.	ग्वालियर, सागर एवं चम्बल	दिनांक – 21.05.2013

नियत तिथि को गोपनीय सामग्री प्राप्त करने हेतु संबंधित संभागीय जिले कें जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से एक जिम्मेदार अधिकारी वाहन एवं टिन का बाक्स साथ में पुलिस गार्ड सहित म.प्र. राज्य ओपन स्कूल कार्यालय मे भेजे, जो जिले की सामग्री प्राप्त करेंगे । प्राप्त सामग्री जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अपने जिले के परीक्षा केन्द्राध्यक्षों को दूसरे दिवस बिजक अनुसार वितरित किया जायेगा। परीक्षा केन्द्राध्यक्ष यह सामग्री (प्रश्नपत्र) प्राप्त कर अपने निकटस्थ थाने में जमा करेंगे तथा विषयवार परीक्षा तिथि को पूर्व निर्देशानुसार एवं समय पर निकाल कर परीक्षा सम्पन्न करायेंगे। वाहन आदि का नियमानुसार भुगतान म.प्र. राज्य ओपन स्कूल से किया जा सकेगा।

अतः आपसे अनुरोध है कि अपने जिले से उक्तानुसार व्यवस्था सहित किसी सहायक अधिकारी को अनिवार्यतः भेजे जिसे सामग्री सौपकर सुरक्षित एवं समय पर जिले को पहुचाया जा सके।

प्रमुख सचिव
म.प्र. ~~शासन~~ एव
अध्यक्ष म.प्र. राज्य ओपन स्कूल भोपाल

पृ.क्रमांक / एस.ओ.एस. / संचा. / 2013 / भोपाल, दिनांक

प्रतिलिपि –

(01) पुलिस अधीक्षक जिला..............................को सूचनार्थ एवं आवश्यक कर्यवाही हेतु।

(02) संभागीय संयुक्त संचालक लोकशिक्षण संभाग ....को आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रमुख सचिव
म.प्र. शासन एवं
अध्यक्ष म.प्र. राज्य ओपन स्कूल भोपाल